दैनिक जागरण 21/09/2025

# कालेज में ब्रेन डेड पर विद्यार्थियों ने की चर्चा



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम में शामिल प्राचार्य डा. रोहित व अन्य • विज्ञप्ति

जासं • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के युवा वक्ता क्लब द्वारा ब्रेन ड्रेन जैसे विषय पर पैनल चर्चा का आयोजन किया। सत्र में 50 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और ब्रेन ड्रेन के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक प्रभावों पर अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। पैनल में मानसी, पलक, उत्कर्ष और सैशा शामिल रहे। इन्होंने बताया कि कैसे कुशल पेशेवरों का अन्य देशों की ओर पलायन न केवल राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, बल्कि सामाजिक ढांचे और शासन व्यवस्थाओं को भी प्रभावित करता है। इस चर्चा का संचालन दशमीत ने किया। चर्चा ने युवा मस्तिष्कों को विविध दृष्टिकोण साझा करने का एक सशक्त मंच प्रदान किया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों को निरंतर अपनी वक्तृत्व कला और विश्लेषणात्मक क्षमताओं को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया।